

भारत की दूसरी पारी

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 2 विकेट खोकर 85 रन बनाए थे। वहीं, तीसरे दिन के खेल की शुरुआत भारत ने अच्छे अंदाज में की। चेतेश्वर पुजारा ने महज 62 गेंदों में 10 चौकों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि अजिंक्य रहाणे ने 67 गेंदों में अर्धशतक जमाया। अर्धशतक तक रहाणे के बल्ले से 7 चौके और एक छक्का निकला। लंबे समय के बाद दोनों के बीच अच्छी साझेदारी देखने को मिली।

## शार्दुल ठाकुर 28 रन बनाकर आउट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला जोहानिसबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में आज यानी बुधवार 5 जनवरी को तीसरे दिन का खेल जारी है। 85द्ब2 से आगे खेलते हुए भारत ने लंच तक 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 225 रन बना लिए हैं। हनुमा विहारी और मोहम्मद शमी क्रीज पर हैं। बढ़त अब 198 रन से ज्यादा की हो गई है। भारत को दिन का पहला और दूसरी पारी में तीसरा झटका अजिंक्य रहाणे के रूप में लगा जो 78 गेंदों में 58 रन बनाकर कगिसो रबादा की गेंद पर कैच आउट हो गए। वहीं, भारत को चौथा झटका चेतेश्वर पुजारा के रूप में लगा जो 86 गेंदों में 53 रन बनाकर रबादा की गेंद पर सडू आउट हो गए। पांचवां झटका भारत को रिषभ पंत के तौर पर लगा जो कगिसो रबादा की गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। अश्विन बिना खाता खोले वापस। शार्दुल ठाकुर ने कुछ अच्छे शाट लगाते हुए 24 गेंद पर 28 रन की पारी खेली।

# केएल राहुल को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान का फायदा

क्रिकेट

### आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग मे बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 113 रन की जीत में 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंच गए। संचुरियन में इस जीत से भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1–0 से बढ़त बना ली जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा है।

राहुल की इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग आठवां स्थान है जो उन्होंने नवंबर 2017 में हासिल की थी। उन्होंने पहली पारी में 123 रन बनाए और मयंक अग्रवाल (60 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई जिससे भारतीय टीम इस स्थल पर टेस्ट मैच जीतने वाली पहली एशियाई टीम बन गई और



उसने डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में महत्वपूर्ण अंक भी हासिल किए। अग्रवाल को एक पायदान का फायदा हुआ जबकि अजिंक्य रहाणे दो पायदान की छलांग से बुधवार को ताजा अपडेट में 25वें स्थान पर पहुंच गए। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी भी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाले अन्य भारतीय हैं। बुमराह मैच में पांच विकेट चटकाने से तीन पायदान ऊपर पहुंचकर नौवें स्थान पर हैं जबकि शमी ने आठ विकेट चटकाए थे जिसमें पहली पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। इस प्रदर्शन से शमी दो पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर पहुंच गए। साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान और सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर दो पायदान के फायदे से 14वें स्थान पर पहुंचे जिन्होंने दूसरी पारी में 77 रन बनाये थे। तेम्बा बावुमा 52 और नाबाद 35 रन के स्कोर से 16 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए।

कागिसो रबाडा ने सात विकेट हासिल किए जिससे वह एक स्थान ऊपर छठे स्थान पर जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी मैच में आठ विकेट चटकाने से 16 पायदान की छलांग से 30वें स्थान पर पहुंच गए।

डेब्यू कर रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जेनसेन ने 97वें स्थान से रैंकिंग में प्रवेश किया।

## जीत के बाद इबादत हुसैन का बयान जीत लेगा दिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माउंट माउनगनुई। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में छह विकेट लेकर अपनी टीम की जीत की पटकथा लिखी। और इसके बाद मैदान के बाहर उन्होंने अपने पोस्ट–मैच कॉमेंट से सबका दिल जीत लिया।

न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में सिर्फ 169 रन ही बना सकी। बांग्लादेश को जीत के लिए दूसरी पारी में 40 रन का टारगेट मिला जो उसने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। इबादत को प्लेयर–ऑफ–द–मैच चुना गया। मैच के बाद प्रजेंटेशन में उन्होंने ऐसा बयान दिया जिससे



बांग्लादेश क्रिकेट की आने वाली पीढ़ी हौसला हासिल करेगी।

इबादत ने कहा कि न्यूजीलैंड की धरती पर आने से पहले उनकी टीम को यकीन था कि वह न्यूजीलैंड में जीत सकती है। उन्होंने इसका टारगेट सेट किया था। इबादत ने मैच के बाद कहा, ‘न्यूजीलैंड की धरती पर हमारे भाई और टीम बीते 21 साल से नहीं जीत सके थे। इस बार हमने लक्ष्य रखा था। हम आगे आए और कहा कि हमें न्यूजीलैंड को उनकी जमीन पर हराना होगा। और हम ऐसा कर सकते हैं। वे टेस्ट चैंपियन हैं, लेकिन हम उन्हें हरा पाते हैं तो हमारी अगली पीढ़ी इससे प्रेरणा लेगी। इस तेज गेंदबाज ने माना कि बांग्लादेश में तेज गेंदबाजों के लिए परिस्थितियां बहुत मददगार नहीं होतीं। और उन्होंने आगे कहा कि संयम बनाए रखना उनकी कामयाबी की बड़ी वजह है।

उन्होंने कहा, बीते दो साल से मैं ऑटिस गिब्सन के साथ काम कर रहा हूं। बांग्लादेश में पिचें सपाट होती हैं। हम अब भी सीख रहे हैं कि विदेशी धरती पर कैसे गेंदबाजी की जाए और गेंद को रिवर्स कैसे करवाया जाए। मैं स्टंप के टॉप पर बॉलिंग करना सीख रहा हूं। सफलता हासिल करने के लिए मुझे थोड़ा संयम रखने की जरूरत है।

## 5 जनवरी 1952, पटौदी परिवार के लिए बहुत अहम है यह दिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में 70 साल पहले 5 जनवरी, 1952 को भी कड़ाके की सर्दी थी। दिल्ली सर्दी से बचने के लिए घरों में छिपी हुई थी। कामकाज के लिए सड़कों पर कम ही लोग निकले थे। मगर, इफ्तिखार अली खान पटौदी 11 साल के बेटे मंसूर अली खान के साथ दिल्ली पोलो ग्राउंड में सुबह के वक्त पोलो खेलने निकल गए थे। वह तब कोपरनिकस मार्ग पर स्थित पटौदी हाउस में रहते थे। उस दिन मंसूर अली खान पटौदी का 11वां जन्मदिन भी था। घर में बेटे के जन्मदिन की तैयारियां चल रही थीं। अफसोस कि उनके लिए वह दिन मनहूस साबित हुआ। इफ्तिखार अली खान मैदान में पोलो खेल रहे थे, मासूम बेटा उन्हें देख रहा था। इसी दौरान, वह घोड़े से गिर पड़े। उन्हें गंभीर चोटें आईं। लाख कोशिशों के बाद भी इफ्तिखार अली खान पटौदी को बचाया नहीं जा सका। उनका अंतिम संस्कार पटौदी में हुआ था। दिल्ली से सैकड़ों लोग पटौदी के अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए गए थे। इफ्तिखार अली खान पटौदी का जन्म दरियागंज के पटौदी हाउस में 16 मार्च,1910 को हुआ था।

## न्यूज डायरी



### जेम्स एंडरसन ने तोड़ा आस्ट्रेलियाई दिग्गजों का रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इसी मैच के चौथे मुकाबले में जब इंग्लैंड की टीम के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मैदान पर कदम रखा तो उन्होंने इतिहास रच दिया। एंडरसन ने आस्ट्रेलियाई टीम के दो दिग्गज खिलाड़ियों का रिकार्ड भी तोड़ दिया है। जेम्स एंडरसन अब सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वे पहले ऐसे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने ये कमाल किया है। दरअसल, जेम्स एंडरसन बुधवार 5 जनवरी को अपने 169वें टेस्ट मैच में उतरे और इसी के साथ उन्होंने आस्ट्रेलिया की टीम के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पोंटिंग और स्टीव वा को पीछे छोड़ दिया है। इस मैच से पहले तक पोंटिंग, वा और एंडरसन संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने के मामले में दूसरे नंबर पर थे, लेकिन अब एंडरसन इन दोनों दिग्गजों से आगे निकल गए हैं। पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग और स्टीव वा ने 168–168 टेस्ट मैचों में भाग लिया था।

### जीत के बाद बांग्लादेशी टीम का सेलिब्रेशन वीडियो वायरल, गाया–हम होंगे कामयाब

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माउंट माउनगनुई। पांच जनवरी, 2022 का दिन बांग्लादेश के क्रिकेट इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज किया जाएगा। बांग्लादेशी क्रिकेट फैंस के जेहन से आज का दिन शायद कभी न मिट पाए। बांग्लादेशी क्रिकेट टीम ने पहली बार न्यूजीलैंड को टेस्ट मैच में हराया। इस शानदार जीत के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने अपने ड्रेसिंग रूम में जमकर सेलिब्रेट किया। पूरी टीम एक–दूसरे से गले मिलकर खूब जश्न मना रही है। इसके साथ ही बांग्लादेशी खिलाड़ी हम होंगे कामयाब का बांग्ला रूप गा रहे हैं। बांग्लादेशी क्रिकेट बोर्ड ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर यह वीडियो पोस्ट किया है। बांग्लादेशी टीम के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर इस वीडियो के साथ कैप्शन दिया गया, श्माउंट माउनगनुई में जीत के बाद बांग्लादेश टीम ड्रेसिंग रूम सेलिब्रेशन।

### श्रीलंकाई खिलाड़ी ने बस 23 मैच खेलने के बाद किया रिटायरमेंट का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंका की टीम के दमदार ओपनर भानुका राजपक्षे ने बुधवार 5 जनवरी को रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। भानुका राजपक्षे ने अपना इस्तीफा श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को सौंप दिया और तत्काल प्रभाव से संन्यास की घोषणा कर दी। एसएलसी को सौंपे गए पत्र में 30 वर्षीय भानुका राजपक्षे ने ये भी बताया है कि वे क्यों रिटायरमेंट ले रहे हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने उनको एक साल के लिए बैन किया हुआ है। इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट लेने का कारण भानुका राजपक्षे ने पारिवारिक दायित्वों को समय देना बताया है। अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा है, श्मैंने एक खिलाड़ी और एक पति के रूप में अपनी स्थिति पर बहुत सावधानी से विचार किया है और पितृत्व और संबंधित पारिवारिक दायित्वों को देखते हुए यह निर्णय ले रहा हूं। भानुका पर पिछले साल सितंबर में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने एक साल का बैन और 5 हजार यूएस डालर का जुर्माना लगाया था।

### चौथे एशेज टेस्ट में बारिश का खलल, ऑस्ट्रेलिया के तीन विकेट पर 126 रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सिडनी। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ वर्षाबाधित चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन बुधवार को तीन विकेट पर 126 रन बना लिए। बारिश के कारण पहले दो सेशन में सिर्फ 21 ओवर फेंके जा सके जबकि आखिरी सत्र में रन तेजी से बने और दो विकेट भी गिरे। बारिश के कारण खेल 30 मिनट देरी से शुरू हुआ। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। आगे और बारिश के कारण पहले सत्र में 12.3 ओवर ही फेंके जा सके। हैरिस और डेविड वॉर्नर ने पहले विकेट के लिये 50 रन जोड़े। वॉर्नर ने 72 गेंद में छह चौकों की मदद से 30 रन बनाए।